बरेली के इत्र से महकेगा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर

चर्चा में क्यों?

- 18 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 21-25 सितंबर तक किया जाएगा, जिसमें बरेली का बना इत्र अपनी सुगंध बिखेरेगा।

प्रमुख बिंदु

- बरेली के इत्र को ट्रेड शो के हॉल नंबर 15 में विशेष स्थान दिया गया है। खास बात यह है कि यह इत्र यूरोपीय देशों के साथ-साथ अमेरिका में भी तारीफ बटोर चुका है।
- जरी और सुरमे के लिये पूरी दुनिया में मशहूर बरेली अब सुगंधित तेलों, इत्र और परफ्यूम के लिये भी जाना जाने लगा है। बरेली के युवा यूरोप और अमेरिका तक सुगंधित तेलों का निर्यात कर रहे हैं।
- इसकी बड़ी उपलब्धि यह है कि केंद्र सरकार ने बरेली की एरोमेटिक एंड एलाइड केमिकल्स को एक्सपोर्ट हाउस की मान्यता दे रखी है।
- आईआईटी कानपुर से बीटेक करने के बाद फ्राँस से परफ्यूमरी का कोर्स करने वाले गौरव मित्तल इस समय अमेरिका और यूरोप में निर्यात कर रहे हैं।
- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भी उनकी कंपनी को मुख्य पवेलियन में विशेष स्थान दिया गया है। इसके जरिये विश्व बाज़ार को यह दिखाने का अवसर मिला है कि दुनिया के सबसे अच्छे प्राकृतिक इत्र और आवश्यक तेल उत्तर प्रदेश और वह भी बरेली में बनाए जा सकते हैं।
- गौरव मित्तल ने बताया कि हमारी कंपनी सुगंधित और संबद्ध रसायन, प्राकृतिक और जैविक तेलों की निर्यातक है, जो वर्ष 1977 से व्यवसाय में हैं। कंपनी के तहत लॉ मोंक ब्रांड स्थापित किया गया है जो केवल 100 फीसदी प्राकृतिक, जैविक और आयुर्वेदिक उत्पाद बनाती है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इत्र कारोबार के लिये गौरव मित्तल का सम्मान कर चुके हैं। गौरव किसानों को आगे बढ़ाने के लिये मेंथा आयल, लेमन ग्रास आयल, रोज आयल आदि की खेती करवा रहे हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-trade-fair-will-smell-like-bareilly-perfume